जागरण

# बंधुआकला में पकड़ा गया नकली शराब व डीजल का कारखाना

Publish Date:Sat, 08 Sep 2018 11:35 PM (IST)



सुलतानपुर : पुलिस, आबकारी व आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने कुड़वार थाना क्षेत्र के बंधुआकला में चल रहे नकली शराब व डीजल बनाने के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। कारखाने से भारी मात्रा में अपमिश्रित डीजल, रासायनिक पाउडर, अल्कोहल, शराब, खाली शीशी व रैपर व उपकरण बरामद हुए। कार्यवाही की भनक लगते ही सरगना फरार हो गया। पुलिस ने शराब माफिया समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

अलीगंज संवादसूत्र के अनुसार, शुक्रवार रात में बंधुआकला निवासी संगम पुत्र बाबूलाल के पास स्थित उसकी दो गोदामों पर आबकारी निरीक्षक सुरेश चंद्र मिश्र व कुड़वार थाने के प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर पांडेय ने फैजाबाद प्रवर्तन टीम के आबकारी निरीक्षक राजकिशोर ¨सह, मुमताज अहमद के साथ 18 सदस्यीय टीम के साथ छापा मारा। मौके से 41 ड्रम अल्कोहल, तीन सौ पौवा पावर हाउस ब्रांड, साढ़े चार सौ पौवा गुड ईव¨नग ब्रांड का लेवल की नकली शराब, 20 हजार प्लास्टिक खाली शीशी, 1 लाख 2 हजार ढक्कन, 1 लाख 36 हजार रैपर, एक अल्कोहल मीटर, 90 खाली गत्ता व अन्य उपकरण बरामद किए गए। दो पिकअप वाहन को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। संगम के घर के पीछे स्थित गोदाम में नकली डीजल बनाने का कारोबार होता मिला। छापामार दल ने इसकी सूचना आपूर्ति विभाग को दी। शनिवार को सुबह जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार, सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सुधाकर ¨सह व रामकुमार आर्या मौके पर पहुंचे। डीएसओ संजय ने बताया कि गोदाम से 37 ड्रम (6060 लीटर) अपमिश्रित डीजल, 31 बोरी रासायिक पाउडर व मापक यंत्र मिले। नकली डीजल के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजे गए हैं।

ये हुए नामजद

कुड़वार : जिला आबकारी अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि बंधुआकला निवासी संगम, उसकी पत्नी रेनू, भाई रूपेश व उसकी पत्नी रेनू, धम्मौर थाना क्षेत्र के बहलोलपुर निवासी संतोष यादव एवं सरैया बनकेपुर निवासी जवाहर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। 26 जुलाई 2013 में भी संगम की गोदाम पर छापा मारकर 22 ड्रम नकली केरोसिन पुलिस ने बरामद की थी।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/sultanpur-fake-liquor-and-diesel-factory-caught-in-bandhalakala-18405451.html